BCM School Basant Avenue Dugri Road
Ludhiana
Assignment -6
Answer key
कक्षा **-6**
विषय**-** हिंदी
, पाठ **-11** बचपन**,** शुद्ध करो**,** विशेषण**,** श्रुतिसम भिन्नार्थक

1.निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**(5)**
लेखिका का घर मा□ल से ही ज्यादा दूर नहीं था। एक छोटी सी चढ़ाई और गिरजा मैदान पहुँच जाते। वहाँ से एक उतराई उतरते और मॉल पर। कन्फेक्शनरी काउंटर पर तरह-तरह की पेस्ट्री और चॉकलेट की खुशबू मनभावनी थी। हमें हफ्ते में एक बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी। सबसे ज्यादा मेरे पास ही चॉकलेट -टॉफी का स्टॉक रहता। मैं चॉकलेट लेकर खड़े-खड़े कभी ना खाती।घर लौटकर साइनबोर्ड पर रख देती और रात के खाने के बाद बिस्तर में लेट कर मजे ले ले लेकर खाती। शिमला के काफल भी बहुत याद आते हैं।
प्रश्न.1 किसका घर मा□ल से ज्यादा दूर नहीं था?
उत्तर. लेखिका का घर माल से ज्यादा दूर नहीं था।
प्रश्न.2 कन्फेक्शनरी काउंटर पर क्या था?
उत्तर. कन्फेक्शनरी काउंटर पर पेस्ट्री और चॉकलेट की मनभावनी खुशबू थी।
प्रश्न.3 लेखिका को हफ्ते में कितनी बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी?
उत्तर. लेखिका को हफ्ते में एक बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी।
प्रश्न.4 घर लौट कर लेखिका चॉकलेट कहाँ रख देती?
उत्तर. घर लौट कर लेखिका चॉकलेट साइन बोर्ड पर रख देती थी।
प्रश्न.5 लेखिका को शिमला का क्या याद आता है?
उत्तर. लेखिका को शिमला का काफल याद आता था।
2.विशेषण को रेखांकित कर उनका भेद लिखो।**(4)**
1. मोहन एक (लालची) बालक था।-गुणवाचक
2. (वह)लड़की कहाँ जा रही है?-सार्वनामिक
3. वह(5 किलो)सेब लाया।-परिमाणवाचक
4. बच्चा(1 लीटर)दूध पी गया।-परिमाणवाचक

3. श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।**(3)**
1. दिन-दीन
   दिन-आज का दिन बहुत अच्छा रहा।
   दीन-रोहन बहुत दीन है।
2. कुल-कूल
   कुल-वंश-राम ब्राह्मण कुल का है।
   कूल-किनारा-गीता नदी के कूल पर बैठी है।
3. पवन-पावन
   पवन-हवा-कल बहुत तेज हवा बह रही थी।
   पावन-पवित्र-गीता पवित्र ग्रंथ है।

4. शुद्ध वर्तनी लिखो।**(1)**
1. इतिहासिक-ऐतिहासिक
2. तीथी-तिथि

5. वाक्य शुद्ध करके लिखो।**(2)**
1. कल सोमवार का दिन थी।
   कल सोमवार था।
2. हम स्कूल गया।
   हम स्कूल गए।